UPBS120001372020

**न्यायालय CIVIL JUDGE (J.D. KLD. at BASTI), Basti**

**पीठासीन अधिकारी–** (SIDDHARTH BARGOTI),

**(उ०प्र० न्यायिक सेवा) – UP03315**

मूल वाद संख्या– 104/2020

उदयराज बनाम राम रक्षा आदि

04–12–2023

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर वादी तथा प्रतिवादी प्रथम वर्ग मय विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली वाद बिन्दु विरचन हेतु नियत है। वाद बिन्दु के संबंध में वादी व प्रतिवादी प्रथम वर्ग के विद्वान अधिवक्तागण को पूर्व में सुना जा चुका है।

पक्षकारों के मध्य सुलह समझौते के बाबत प्रयास किया गया, लेकिन पक्षकारों द्वारा इस स्तर पर सुलह समझौते की संभावना से इंकार किया गया। वादी व प्रतिवादी प्रथम वर्ग के अभिवचनों के आधार पर निम्नलिखित वाद बिन्दु विरचित किए जाते हैं–

1– क्या वादीगण वादपत्र में दिए गए तथ्यों के आधार पर विवादित दस्तावेज बैनाना दिनांक 11–02–2020 कथित बहक प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग जिसकी रजिस्ट्री बही नम्बर 1 जिल्द नं० 8939 के पृष्ठ सं० 123 से 162 पर क्रमांक 1009 पर दिनांक 11–02–2020 को हुई है, को मंसूख करा पाने के अधिकारी हैं?

2– क्या दावा वादीगण अल्पमूल्यांकित है?

3– क्या वादीगण द्वारा प्रदत्त न्यायशुल्क अपर्याप्त है?

4– क्या दावा वादीगण में पक्षकारों के कुसंयोजन एवं असंयोजन का दोष हैहै?

5– क्या दावा वादीगण विवन्धन एवं मौन स्वीकृति के सिद्धान्त से बाधित है?

6– क्या वादीगण काल बाधित है?

7– क्या वादीगण किसी अन्य अनुतोष को प्राप्त करने के अधिकारी हैं?

उपरोक्त वाद बिन्दुओं के अलावा अन्य कोई वाद बिन्दु न तो बनता है और न ही पक्षकारों द्वारा किसी अन्य वाद बिन्दु पर बल दिया गया है।

पत्रावली वास्ते निस्तारण वाद बिन्दु संख्या–2 व 3 दिनांक 05–01–2024 को पेश हो।

सिविल जज (जू०डि०),
खलीलाबाद, स्थान बस्ती